**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 13.03.2025** **समय : 1905**

- **अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए इसरो ने स्पैडेक्स मिशन की डी–डॉकिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की ।**
- **केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने आज योग महोत्सव–दो हजार पच्चीस का उद्‌घाटन किया– कहा –अगले सौ दिन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में दस महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**
- **आटो के प्रतिनिधिमंडल ने आज उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात कर द्वीपसमूह में पर्यटन उद्योग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की ।**
- **अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से वायु गुणवत्ता मापदंडों की निगरानी के लिए श्री विजयपुरम में वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित।**

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को अलग करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में यह देश की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिकों को इस सफलता के लिए बधाई दी है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने कहा कि यह सफलता भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–4 और गगनयान सहित भविष्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

<><><><><><><>

इक्कीस जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अब सिर्फ सौ दिन बाकी रह गए हैं। इसकी तैयारियों के सिलसिले में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने आज नई दिल्ली में योग महोत्सव–दो हजार पच्चीस का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले सौ दिन के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में दस महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री जाधव ने कहा कि इन कार्यक्रमों के तहत दस भागीदार देशों के साथ योग आदान–प्रदान कार्यक्रम **योग बंधन** का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के मरीना पार्क में आज भी दोपहर में भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण ऐरोबेटिक टीम द्वारा शानदार एयर–शो का प्रदर्शन किया गया। सूर्य किरण के दस्ते में शामिल नौ विमानों ने हवा में करतब दिखाते हुए विभिन्न फॉरमेशन बनाए। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप के ऊपर से विमानों को उड़ान भरते देख लोग बेहद उत्साहित नज़र आए। बड़ी संख्या में लोगों ने इस एरोबेटिक शो का आनन्द उठाया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की नवनियुक्त महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष जुबैदा बेगम ने नई दिल्ली में आयोजित महिला शक्ति सम्मान समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। प्रदेश अध्यक्ष ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उनके अधिकारों, अवसरों और नेतृत्व की भूमिकाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आज अंतर्राष्ट्रीय पाई दिवस मनाया गया। गणित विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के सी जोशी ने पाई के महत्व के बारे में जानकारी दी। गणित विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मलई सम्बाशिवम ने **पाई इन द स्काई** विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने दैनिक जीवन में गणित के महत्व और प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज अध्यक्ष एम. विनोद के नेतृत्व में द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन उद्योग को प्रभावित करने वाली प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापक पर्यटन नीति और बेहतर समन्वय के लिए हितधारकों और अधिकारियों को शामिल करते हुए एक पर्यटन समिति के गठन की आवश्यकता पर जोर दिया। आटो ने प्रशासन से मौजूदा गंतव्यों पर भीड़भाड़ को कम करने और आगंतुकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए पर्यटन के लिए नए द्वीप खोलने का भी आग्रह किया। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने अंतर्देशीय पोत सीमाओं के विस्तार का अनुरोध किया, जिससे बेहतर समुद्री संपर्क और पर्यटन से संबंधित नौका सेवाओं के लिए सुचारू संचालन की अनुमति मिल सके। उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने आटो के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन द्वीपों में पर्यटन के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटक गाइड के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कल से आरंभ हुआ बारह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भुवनेश्वर के भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय बेरोज़गार युवाओं को पर्यटन उद्योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संचार कौशल, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जानकारी तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल प्रदान करना है। स्रोत अधिकारी डॉ. स्वजन ने प्रतिभागियों से द्वीपों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हासिल करने का आग्रह किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सौ प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने वायु गुणवत्ता मापदंडों की निगरानी के लिए श्री विजयपुरम के आई टी एफ मैदान के पीछे वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन स्थापित किया है। यह सुविधा सी ओ, एस ओ 2, एन ओ एक्स, एन एच 2, ओ 2, पी एम 2 और पी एम 2.2 जैसे वायु गुणवत्ता मापदंडों के साथ–साथ मौसम संबंधी आंकड़ों की वास्तविक समय निगरानी करने में सक्षम बनाती है। जन जागरूकता बढ़ाने के लिए डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं, जो वायु गुणवत्ता के स्तर पर वास्तविक समय अपडेट प्रदान करते हैं। इसके अलावा, समिति ने वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन को नई दिल्ली में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सर्वर से जोड़ा है, जिससे निर्बाध डेटा ट्रांसमिशन सुनिश्चित होता है। आम जनता भी सी पी सी बी के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक पोर्टल के माध्यम से वास्तविक समय वायु गुणवत्ता डेटा प्राप्त कर सकते हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक और विशिष्ट वायु गुणवत्ता मापदंडों सहित वायु गुणवत्ता की जानकारी के लिए गूगल प्ले स्टोर से समीर ऐप डाउनलोड किया जा सकता है। उपयोगकर्ता लाइव वायु गुणवत्ता अपडेट को ट्रैक करने के लिए वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन से लैस शहर सूची से श्री विजयपुरम का चयन कर सकते हैं। यह पहल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में वायु गुणवत्ता निगरानी और सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

एम वी नालंदा पन्द्रह मार्च को श्री विजयपुरम से चेन्नई की यात्रा पर जाएगा। अतिरिक्त सामान की जांच कल दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक की जाएगी। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य जहाज रवानगी के दिन, दिन में ग्यारह बजे से एक बजे के बीच किया जाएगा। जहाज दोपहर दो बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से द्वीपों की लड़कियों और महिलाओं के लिए एरोबिक डांस क्लास का आयोजन किया जाएगा। नेताजी स्टेडियम खेल परिसर में सत्रह मार्च से शाम तीन से पांच बजे तक एरोबिक डांस क्लास चलेगी। इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम खेल एवं युवा मामले निदेशालय की पी ई टी डॉ. एस. उषा रानी के पास सभी कार्य दिवसों में पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

रिजर्व बैंक ने अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम की देखरेख के लिए एक स्व–नियामक के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बैंक द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, इच्छुक आवेदक पन्द्रह जून तक प्रवाह पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। बैंक ने कहा है कि आवेदन निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए। मान्यता देने के बारे में कोई भी निर्णय, आवेदन अवधि के दौरान प्राप्त सभी पात्र आवेदनों पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। इस मामले में रिजर्व बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

<><><><><><><>